फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत रामकिशन मीना आर.ए.एस. उप खण्ड अधिकारी मुकाम सूरजगढ़

भीलाराम बनाम राज0 सरकार

प्रार्थना पत्र अ0धा0 136 एल.आर.एक्ट मुकदमा न0 ...151../2019

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
27.01.2020	पत्रावली पेश हुई। वकील प्रार्थी उपस्थित। संक्षेप में प्रार्थना पत्र में वर्णित तथ्य इस प्रकार है कि ग्राम लीखवा की सरहद में स्थित कृषि भूमि ख.नं. 365, 492,631, 632 में प्रार्थी का नाम गुला पुत्र मामन दर्ज रिकॉर्ड है जबकि प्रार्थी का वास्तविक नाम भीलाराम है। उक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति प्रार्थी के है इसलिए प्रार्थी का नाम दुरूस्त फरमाया जावे। प्रार्थना पत्र पर तहसीलदार से जांच रिपोर्ट प्राप्त की गई। मुताबिक जांच रिपोर्ट आधार कार्ड में भीलाराम पुत्र मामनराम दर्ज है। इस बावत प्रार्थी ने अपना स्वयं का शपथ पत्र पेश किया। तहसीलदार व प्रार्थी के स्वयं के शपथ पत्र के आधार पर प्रार्थी का नाम राजस्व रिकॉर्ड में दुरूस्त किया जाना न्यायोचित प्रतीत होता है। अतः प्रार्थी का यह प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर ग्राम लीखवा की सरहद में स्थित कृषि भूमि ख.नं. 365, 492,631, 632 में प्रार्थी का नाम गुला पुत्र मामन के बजाय भीलाराम पुत्र मामनराम दुरूस्त किये किये जाने के आदेश दिये जाते है। तहसीलदार सूरजगढ़ उक्तानुसार राजस्व रिकॉर्ड में दुरूस्ती की कार्यवाही करें। तहसीलदार को तहरीर जारी हो। पत्रावली फैसल शुमार व नम्बर से कम होकर बाद तकमील जाब्ता दाखिल दफ्तर हो। उपखण्ड अधिकारी, सूरजगढ़ Signature Not Verified Digitally signed by Abhilasha Date: 2021.08.06 15:42:24 IST Reason: SelfAttested	

Scanned with CamScanner